उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के पदों पर सीधी भर्ती–2022 का अन्तिम चयन परिणाम

संख्या–पीआरपीबी–एक–3(39)/2023 पार्ट–4(2) (विज्ञप्ति) दिनांक–मार्च 26 ,2025

उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के पदों पर सीधी भर्ती–2022 के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–3(33)/2022 प्रकाशित करते हुये सहायक परिचालक के 1374 पदों पर भर्ती हेत ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 06.01.2022 के अनुक्रम में कुल 3,89,711 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुये। भर्ती प्रक्रिया के अर्न्तगत प्रदेश के 11 जनपदों में ऑनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 01.02.2024 से 08.02.2024 तक कुल 16 पालियों में आयोजित की गयी।

3– उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के पदों पर सीधी भर्ती–2022 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 16 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण संगत सेवा नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति दिनांकित 06.01.2022 में उल्लिखित प्रक्रिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण (Normalization) करते हुये अंको की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार कर सूचना/विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–3(39)/2023 पार्ट–4 दिनांक 07.08.2024 द्वारा श्रेणीवार विज्ञापित पदों के कुल 4216 अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु दिनांक 08.02.2025 से 14.02.2025 तक आहूत करते हुये अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 27.02.2025 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 07.03.2025 से 12.03.2025 तक सम्पन्न करायी गयी।

5– उक्त ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकरण अंकों (Normalised Score) के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। उ0प्र0 पुलिस रेडियो अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2015 (यथासंशोधित) के नियम–15(ड़) के अनुसार **बोर्ड द्वारा कोई प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गयी है।**

6– उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के 1374 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटऑफ मार्क्स निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | श्रेणी | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 376.85724 | 320.76427 | 288.5005 | 347.59700 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 354.58092 | – | – | 327.83502 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 363.28735 | 305.35229 | 265.36524 | 340.78549 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 341.88685 | – | 224.07703 | 325.44845 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 320.65237 | – | – | 296.33063 |

BEST SARKARI RESULTS
bestsarkariresults.com

7– इस चयन परिणाम में कुल 1374 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 137 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 163 अभ्यर्थी हैं, अन्य पिछड़ा वर्ग के 370 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 770 अभ्यर्थी हैं, अनुसूचित जाति के 228 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 336 अभ्यथी हैं एवं अनुसूचित जनजाति के 27 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 27 अभ्यर्थी चयनित हुये हैं। इस परीक्षा में 274 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की।

8– उपरोक्त चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:–

**सूची:–**

सूची–1 **रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के पदों पर कुल चयनित 1374 अभ्यर्थियों की सूची (रजिस्ट्रेशन संख्या के बढ़ते हुये क्रम में)**

सूची–2 **अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची–3 **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची–4 **अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची–5 **अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची–6 **अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

9– उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2015 (समय–समय पर यथासंशोधित) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यथियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चिय टाई ब्रेक के नियमों के अन्तर्गत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

10– शुचिता की दृष्टि से बोर्ड द्वारा आई0आई0टी0, कानपुर से ऑनलाइन लिखित परीक्षा के DATA का विस्तृत तकनीकी परीक्षण करवाया गया। प्राप्त परीक्षण आख्या का बोर्ड द्वारा परिशीलन किया गया। CRL एवं अन्य उपलब्ध डाटा के आधार पर सम्बन्धित अभ्यर्थियों को स्पष्टीकरण का अवसर प्रदान करते हुये बोर्ड द्वारा साक्ष्य के आधार पर दोषी अभ्यर्थियों को अंतिम परिणाम से पृथक किया गया है।

11– यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि अंकित (Submit) कर देख सकते हैं।

12– यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

13– चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

14– यह सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

<u>संलग्नक–सूची।</u>

**अपर सचिव, भर्ती**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

BEST SARKARI RESULTS
bestsarkariresults.com